तापमान

अधिकतम 39 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 12 मई 2025



11 भारत का हर युवा मातृशक्ति को पहचानें और ...






12 आगामी रविवार को सरकुलर रोड पर चलेगा...




## खबर संक्षेप

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**बावल।** पुलिस ने झाबुआ के पास नाकेबंदी करते हुए एक व्यक्ति को हाथ से निकाली कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खिजूरी निवासी जगदीश हाथ से निकाली हुई कच्ची शराब बेचने का धंधा करता है। वह राजस्थान के सीलगांव से शराब लेकर बाइक से झाबुआ के रास्ते अपने गांव की ओर जाएगा। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से हाथ से निकाली शराब तीन लीटर शराब बरामद हुई।

### होटल की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** कसोला चौक के पास एक होटल की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में एक होटल के कारिंदे झज्जर के बसंत विहार निवासी तरुण ने बताया कि वह होट पर कार्य करता है। उसने अपनी बाइक होटल की पार्किंग में खड़ी की थी। सुबह देखा तो उसे बाइक नहीं मिली। उसने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो रात को दो लोग चोरी करते हुए दिखाई दिए। उसने पुलिस को फुटेज भी मुहैया कराई है। मॉडल टाउन थाना

### अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ अश्लील हरकतें करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने कॉलोनी के रहने वाले श्योलाल नाम के व्यक्ति पर उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद 29 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने श्योलाल को गिरफ्तार कर लिया।

### घर से लापता सातवीं कक्षा का छात्र, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रामसिंहपुरा कॉलोनी से एक सातवीं कक्षा का छात्र घर से लापता हो गया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में रेलवे स्टेशन पर वेंडर का कार्य करने वाले रामसिंहपुरा निवासी सुनील ने बताया कि उसका छोटा भाई सुशील गोकलगढ़ के सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है। वह 7 मई को अचानक घर से गायब हो गया। शाम तक वापस नहीं आने पर उसने अपने भाई की तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

### महिला से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** गोठड़ा टप्पा डहीना में महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसके जेठ को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसका जेठ महेश उसकी सास के साथ झगड़ा कर रहा था। जब उसने अपने जेठ को समझाने का प्रयास किया तो उसने उस पर वार दिया, जिससे वह घायल हो गई। उसकी सास ने बचाव कराते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने महिला के बयान पर महेश के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** निमोठ गांव में चोर दिनदहाड़े एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में निमोठ निवासी सुभाष ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। इसके परिवार के सदस्य दूसरे मकान की ओर गए हुए थे। जब दोपहर बाद वह अपने घर पर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। उसकी शिकायत पर डहीना पुलिस चौकी ने बाइक चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से बाइक चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

---

ब्रास मार्केट व नई अनाजमंडी में सरकारी जमीन पर ट्रांसपोर्टर्स का कब्जा

# सिरदर्द बन रही जगह-जगह अवैध पार्किंग अनदेखी से बिगड़ते जा रहे शहर के हालात






रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में खड़ी ट्रांसपोटर्स की बसें तथा बाजार में पुलिस चौकी के पास खड़े वाहन।

**सरकुलर रोड, मुख्य मार्गों व बाजारों में कंपनियों का स्टाफ उठाने और छोड़ने के बाद दिन-रात खड़ी रहती हैं प्राइवेट बसें**

हेमंत शर्मा ▸▸ रेवाड़ी






रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में फड पर प्राइवेट बसों का कब्जा और सरकुलर रोड पर दोनों तरफ वाहनों की अवैध पार्किंग।

प्रशासन की ओर से सचिवालय के अंदर व बाहर खड़े होने वाले वाहनों को हटाकर पूर्णरूप से व्यवस्था बना ली है। सचिवालय के पास फरवरी माह से ये व्यवस्था बनी हुई है, लेकिन सरकुलर रोड सहित मुख्य मार्गो व बाजार में अवैध पार्किंग शहर में सिरदर्द बनी हुई है।

प्रशासन की ओर से सड़कों पर व्यवस्था सुधरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है, जिससे शहर में व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। शहर में पार्किंग के स्थान नहीं होने के कारण भी लोगों को मजबूरन सड़कों पर वाहनों को खड़ा करना पड़ रहा है। ब्रास मार्केट व अनाजमंडी में तो लंबे समय से ट्रांसपोटर्स ने अवैध पार्किंग बनाकर सरकारी जगह पर कब्जा कर लिया है।

नई अनाजमंडी में फड व टीनशेड के नीचे दिन-रात प्राइवेट बसें खड़ी रहती है। अनाजमंडी में दो महीने रबी की फसलों की आवक के चलते ट्रांसपोटर्स ने बसों को हटा लिया था, लेकिन अब आवक बंद होने पर बसों को खड़ा करके फिर से कब्जा कर लिया है।

**मार्केट व अनाजमंडी से नहीं हट रही निजी बसें :** ब्रह्मगढ़ के सामने ब्रास मार्केट की जमीन पर टांसपोटर्स लंबे समय से अपना अस्थाई कब्जा जमाए हुए है। मार्केट में दिन-रात बड़ी संख्या में प्राइवेट बस और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। अधिकांश बसें बड़े ट्रांसपोर्टरों की हैं, जो कंपनियों का स्टाफ उठाने और छोड़ने के बाद ब्रास मार्केट में खड़ी कर दी जाती हैं। ट्रांसपोर्टरों ने प्राइवेट बसों को खड़ा करने के लिए ब्रास मार्केट को ही अड्डा बनाया हुआ है। ब्रास मार्केट में अवैध पार्किंग का मुद्दा नवंबर 2024 को हुई हाउस की बैठक में भी उठ चुका है, लेकिन 6 महीने बीतने के बाद भी अधिकारियों ने इन बसों को मार्केट से हटवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए है। यही हाल नई अनाजमंडी का है, जहां ट्रांसपोटर्स की ओर से बसें खड़ी की जा रही है।

यहां तक कि कई शिक्षण संस्थानों की बसें भी अनाजमंडी में ही खड़ी की जा रही है।

#### कई सड़कों पर बन गई स्थाई पार्किंग

सरकुलर रोड पर बस स्टैंड के बाहर, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी, रेलवे रोड, कानोड गेट, झज्जर चौक, ट्रामा सेंटर के पास, बावल रोड, ब्रास मार्केट, अनाजमंडी, नगर परिषद के पास, नाईवाली पुल व मेन बाजार में वाहन चालकों ने परमानेंट पार्किंग बना ली है। इन जगहों पर एक वाहन जाता है तो दूसरा खड़ा हो जाता है। इसके अलावा मॉडल टाउन में महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक के बीच व शिव चौक से बस स्टैंड मार्ग पर पूरे दिन सड़क पर वाहन खड़े रहते है, जिससे कई बार निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सरकुलर रोड पर सबसे ज्यादा अव्यवस्था प्राइवेट अस्पतालों के बाहर देखी जा सकती है। अस्पतालों में आने वाले स्टाफ व इलाज कराने वाले लोग सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़ा करने चले जाते है। सरकुलर रोड पर दोनों तरफ पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।

#### जगह चिन्हित करके भूल जाती है नगर परिषद

शहर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कही भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद हाउस की बैठक में कई बार पार्किंग का मुद्दा उठाया जा चुका है। इसके बाद नप अधिकारियों की ओर से शहर का विजिट करके 5-6 जगह चिन्हित कर ली जाती है, लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। मेन बाजार व नाईवाली सब्जीमंडी में आने वाले लोगों के लिए अपने वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। बाजार में आने वाले लोग गोकल गेट चौकी से रेलवे रोड तक सड़क पर वाहन खड़ा करके चले जाते है वहीं सब्जीमंडी में आने वाले लोगों ने नाईवाली पुल को पार्किंग स्थल बनाया हुआ है, जिससे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है।

---

## कंटेनर डिपो के पास नशीला पदार्थ स्मैक बेचते तीन आरोपी गिरफ्तार

- केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कंटेनर डिपो के पास स्मैक के पाउच बनाकर बिक्री करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से स्मैक बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि भाड़ावास गेट निवासी संदीप उर्फ चुसू, बास सिताबराय निवासी जितेंद्र उर्फ सोनू व खासापुरा निवासी लालसिंह नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करते हैं। वह कंटेनर डिपो के पास स्मैक बेचने के लिए बैठे हुए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो बताए गए हुलिया के अनुसार तीनों युवक वहां मिल गए। पुलिस ने उन्हें काबू करने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट को तलाशी लेने के लिए मौके पर बुलाया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 6.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्मैक बेचकर मिले 1470 रुपये भी बरामद कर लिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशीला पदार्थ बेचने वाले आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस पर फायरिंग का आरोपी 5 साल बाद काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा ने करीब पांच साल पहले पुलिस पर फायरिंग करते हुए फरार हुए गोतस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

राजीव नगर रेवाड़ी निवासी गौरव ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह बजरंग दल का जिला सहसंयोजक सदस्य है। 10 जून 2020 को रात के समय उसे सुचना मिली थी की कुछ लोग पिकअप मे गाय भरने के लिए आए हुए है। सूचना पर वह अपने साथी मोहित निवासी मानेसर जिला गुरुग्राम, सोनू निवासी गांव सांतलका जिला अलवर राजस्थान, विनोद निवासी डाणा मानेसर, संजय निवासी गांव आलमपुर जिला अलवर राजस्थान, अजय यादव निवासी गांव रामपुरा के साथ मिलकर गढी बोलनी रोड पर नजदीक डवाना नहर के पास पिकअप गाड़ी की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उपरोक्त पिकअप चालक शहर की तरफ से गाड़ी को बडी तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाता हुआ दिखाई दिया। पिकअप चालक ने अपनी गाड़ी को गांव डवाना की तरफ मोड दिया। जिस पर उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस टीम भी पिकअप गाडी के पीछे लग गई। पुलिस ने गाड़ी पीछे लगाकर गोतस्करों को रुकवाने का प्रयास किया, तो गाड़ी में सवार लोगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी थी। खेड़ी मोतला के पास पुलिस की नाकाबंदी के दौरान पिकअप गाड़ी का टायर फट गया। इसके बाद पिकअप गाड़ी में सवार चारों युवक दोबारा से पुलिस पार्टी पर फायर करके गाड़ी छोड़कर मौके भाग गए थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में गो तस्कर फकरू।

#### गाड़ी से मुक्त कराए थे गोवंश

पुलिस ने पिकअप गाड़ी से 5 गोवंश मुक्त कराए थे जिनमें से 2 गाय थी। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में आरोपियों के खिलाफ गोसंवर्धन अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी अमजद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव हमीराका निवासी फकरू को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## आरटीआर स्टेडियम में आज डेढ़ करोड़ कीमत के खेल सामान का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



- विधायक लक्ष्मण सिंह यादव और विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार डीसी अभिषेक मीणा के साथ करेंगे खेल सामान का वितरण

खेल विभाग की ओर से 12 मई को दोपहर एक बजे दिल्ली रोड स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत खेल सामान का वितरण किया जाएगा।

खेल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार व डीसी अभिषेक मीणा करीब 1.5 करोड रुपए की कीमत के खेल सामान का वितरण करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कार्यक्रम में रेवाड़ी व बावल विधानसभा की विभिन्न ग्राम पंचायतों, नगर परिषद और नगर पालिका को वालीबॉल, बाक्सिंग, हैंडबॉल, कुश्ती जुड्डों, क्रिकेट एवं फुटबॉल खेलों के सामान का वितरण किया जाएगा। रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की 28 ग्राम पंचायत व 3 नगर परिषद वार्ड तथा बावल विधानसभा क्षेत्र की 99 ग्राम पंचायत व 2 नगर पालिका के वार्डो को खेल उपकरण दिए जाएंगे। कार्यक्रम में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम बावल उदय सिंह, उपनिदेशक खेल गुरूग्राम मंडल गुरूग्राम, जिला खेल अधिकारी, जिले के सभी खेल प्रशिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## पैरोल पर आए युवक के घर से पिस्टल बरामद, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया

मोहल्ला भजन का बाग में पैरोल पर जेल से बाहर आए एक युवक के घर से देशी पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जमानत नहीं मिलने के कारण जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार रोहित उर्फ कालिया आपराधिक किस्त का युवक है। वह एक मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। इस समय वह जेल से पैरोल पर छूटकर आया हुआ है। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि रोहित के पास अवैध हथियार है, जिससे वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस भजन का बाग मोहल्ला पहुंची तो रोहित अपने घर के बाहर खड़ा मिल गया। पुलिस ने उससे पूछताछ करना शुरू किया। रोहित ने बताया कि उसने हथियार अपने घर में छुपाकर रखा हुआ है। उसे साथ लेकर पुलिस घर के अंदर पहुंची तो रोहित ने अपने बेड पर तकिए के नीचे रखा देशी कट्टा व तीन कारतूस पुलिस को बरामद करा दिए। उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

## वैशाख पूर्णिमा का दिन बहुत मंगलकारी: शास्त्री

- आज शहर में मनाई जाएगी वैशाख पूर्णिमा, श्रद्धालुओं की ओर से किया जाएगा दान-पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सनातन में वैशाख पूर्णिमा का दिन बहुत मंगलकारी माना जाता है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है। इस शुभ दिन पर लोग गंगा स्नान करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पूजा-पाठ और दान-पुण्य करते हैं। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बता कि 12 मई को वैशाख पूर्णिमा मनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस दिन श्रद्धालुओं को मां तुलसी की विधिवत रुप से पूजा करनी चाहिए। वैशाखी पूर्णिमा को धर्मराज व्रत कहा गया है। यह पूर्णिमा दान-धर्मादि के अनेक कार्य करने के लिए बड़ी ही पवित्र तिथि है। उनका कहना है कि इस दिन गरीबों में अन्न, वस्त्र, टोपियां, जूते- चप्पल, छाते, छाछ या शर्बत व सत्संग के सत्साहित्य का वितरण करना चाहिए। इसी दिन अपनी सामर्थ्यनुसार मीठा शीतल पेयजल भी वितरित करना चाहिए। श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना भी करनी चाहिए। कहा जाता है कि पवित्र नदियों में स्नान करने से सभी पापों से लोग निवृत हो जाते हैं। श्रद्धालुओं को व्रत रखकर यह सभी कार्य करने चाहिए। इससे परिवार को सुख-समृद्धि व शौर्य की प्राप्ति होती है।



अजय शास्त्री ज्योतिषाचार्य।

**सख्ती** 104.25 बोतल देसी, 36 बोतल अंग्रेजी, 24 बोतल बीयर व 3 लीटर कच्ची शराब बरामद

## अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर, शराब के साथ काबू किए छह आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मॉडल टाउन पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए छह लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कालाका निवासी विक्रमजीत शहर में शराब बेचने का धंधा करता है। वह बालाजी मार्केट में अपनी चाय की दुकान पर शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो तो विक्रमजीत प्लास्टिक का कट्टा छोड़कर भागने लगा। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। प्लास्टिक के कट्टे से शराब 66 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुर्जरवाड़ा निवासी अभिषेक अवैध रूप से शराब बेचता है। वह रामपुरा रोड पर एक दुकान के सामने खड़ा शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर उसे काबू काबू कर लिया। उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से 50 पव्वे शराब बरामद हुई।




रेवाड़ी। बरामद की गई अवैध शराब। फोटो : हरिभूमि

#### उत्तम नगर में शराब बेचते पकड़ा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तम नगर निवासी विजयपाल कॉलोनी में अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। वह मामन वाली गली में शराब बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर विजयपाल को काबू कर लिया। उसके पास प्लास्टिक का कट्टा मौजूद था, जिसमें से 56 पव्वे शराब बरामद हुई। मॉडल टाएन पुलिस टीम ने गांव माजरा गुरदासपुर निवासी आरोपी पारस को 13.25 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। बावल थाना पुलिस टीम ने गांव खिजूरी निवासी जगदीश को 3 लीटर हथ कढ़ी देशी शराब सहित काबू किया है। छठे मामले में जाटूसाना थाना पुलिस टीम ने गांव सहारनवास से सतबीर को 36 बोतल अंगेजी, 24 बोतल बीयर व 48 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किए हैं। एसपी हेमेंद्र मीणा नेकहा कि जिले में पुलिस की ओर से गस्त बढ़ाई गई है। जिले में विशेष नाके लगाकर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शरारत करता पाया गया या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता या बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

*संबंध कोई भी हो लेकिन यदि दुख में साथ न दे अपना*
*तो सुख में उन संबंधों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं ।*
*मन कटुवाणी से आहत हो, भीतर तक छलनी हो जाए*
*फिर बाद कहे प्रिय वचनों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं ।*
**- रामधारी सिंह 'दिनकर'**



**समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।**





कहानी

प्रतिभा सुमन शर्मा

# मुझे मां नहीं बनना

तुम फिर वापस आ गयीं? पर क्यों? क्या परेशानी थी? जुमा- जुमा चार ही साल हुए हैं शादी को और चार सालों में तुम पांच बार वापस आ गयी हो, पता है तुम्हें ? मैं इकलौती औरत क्या-क्या संभालूं ? तुम्हारे बाप को तो होश नहीं रहता कि उनकी एक अदद बेटी भी है। हमेशा अपनी धुन में रहता है वह आदमी। भाई बस नाम का है, अपना घर बीवी-बच्चे इनसे कोई फुरसत मिले तो पूछेगा न तुमको, कैसी हो बहना, ससुराल में सब ठीक तो चल रहा है न ?

क्या हुआ गहना, बोलो बेटा? माँ .....! गहना- प्लीज़ रुकोगी? मैं कुछ बोलूं। हां, बताओ।

मां, मुझे मां नहीं बनना।

क्यों? चार साल हो गए हैं शादी को और फिर भी तुम्हे मां क्यों नहीं बनना?

मुझे नहीं पसंद मम्मा, प्लीज़।

क्या नहीं पसंद?

माँ बनना नहीं पसंद, मुझे मम्मा। मैंने अपनी शादी के पहले ही समीर से यह बात कर ली थी। वह इस बात पर राजी था। पर अब उसके घर वाले उसे बहुत फ़ोर्स कर रहे हैं कि चार साल हो गए बच्चा क्यों नहीं कर रहे हो। इन्फेक्ट मेरी मदर इन लॉ तो मुझे और समीर को जबरदस्ती डॉक्टर के पास भी ले गयी। उनकी जिद इतनी ज्यादा थी कि हमें जाना पड़ा डॉक्टर के पास।

क्या कहा डॉक्टर ने ?

डॉक्टर ने क्या कहना था, उसने रेगुलर चेकअप किया और बताया कि दोनों नार्मल है, कुछ प्रोटेक्शन यूज़ कर रहे हैं इसलिए कंसीव नहीं हो रहा है बस। मेरी सास समीर की तरफ ये बड़ी-बड़ी आंखें फाड़ कर देखने लगी जैसे कि डॉक्टर न होती तो वह शायद एकाद थप्पड़ तो जड़ ही देती।

समीर बिल्कुल कुछ भी नहीं बोला, न वहां, न रास्ते में और न घर आकर। उसने किसी भी तरह से बात की सच्चाई नहीं बताई। अब मम्मा बताओ, यह चीटिंग हुई कि नहीं ?

गहना, तुम मुझे एक बात बताओ कि तुमको मां ही नहीं बनना, यह बात तुमने मुझे तो नहीं बतायी?

मम्मा, छोड़ो! तुमको यह बात बताकर क्या करती मैं? तुमको तो मेरी शादी कर के अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना था? क्या तुम कभी समझ सकती थीं मेरी इस बात को ?

पर तुमको परेशानी क्या है बेटा? शादी के बाद तो मां बनना, तुमसे तुम्हारे मैके वालों से लेकर ससुराल वालों का बच्चा होने की उम्मीद रखना, मुझे तो कुछ गलत नहीं लगता इसमें ? सभी को करना ही पड़ता है यह? बच्चा न होने वाली औरत और उस पूरे परिवार को ही समाज बड़ी बुरी नजर से देखता है बेटा समझो !

मम्मा, कौन सा समाज? वही, उनके हमारे रिश्तेदार आजू बाजू अड़ोस- पड़ोस वाले।

सभी लोग जिस बिरादरी में उठना-बैठना होता है वही तो होता है समाज।

मम्मा, प्लीज़ मुझे ऐसे किसी भी समाज की वजह से मां नहीं बनना है। इन्फेक्ट मुझे मां बनना ही नहीं है। ऐसी औरत को लोग बांझ कहते हैं।

कहने दो मुझे बांझ। मुझे मां नहीं बनना बस।

समीर क्या कह रहा है? माँ ने पूछा।

समीर क्या कहेगा, बिल्कुल दल बदलू आदमी है। शादी करने से पहले तो बड़ा महान बन रहा था? अगर तुमको नहीं पसंद बच्चे तो हम नहीं करेंगे। और अब.... अब कह रहा है मम्मी-पापा का इतना प्रेशर है। गहना, मुझे समझ नहीं आ रहा क्या करूँ! यह सरासर चीटिंग है मेरे साथ। यह देखो, यह हम दोनों के बीच का कॉन्ट्रैक्ट।

उसने यह लिखकर दिया है कि उसे भी बच्चा नहीं चाहिए, अब वह मुकर नहीं सकता। माँ- मैं तुम लोगों की जनरेशन की नहीं हूं।

लेकिन गहना, कुछ ज्यादा ही एडवांस नहीं है तुम्हारी जनरेशन? मम्मा, एक लड़का जो शादी करना चाहता है और एक लड़की जो शादी करना चाहती है, दोनों साथ रहना चाहते हैं लेकिन बच्चा नहीं चाहते। इसमें गलत क्या है?

गलत सही कुछ भी मेरी समझ से परे है। अब तुम क्या करना चाहती हो?

कुछ नहीं। उसने कहा। मैं समीर के खिलाफ कोर्ट में केस करना चाहती हूं।

अनुसूया जी बिल्कुल हक्की-बक्की थीं अपनी बेटी का रवैया देखकर। कैसे कोई औरत ऐसी हो सकती है जिसको सच में प्रजनन की चाह ही नहीं है? तुम नौकरी करती हो और तुम खुद कमाती-खाती हो, इसलिए आज तुमको यह लगता होगा बेटा पर हाथ-पैर जवाब देने लगेंगे तब कोई तो सहारा चाहिए होता है न बुढ़ापे में ?

मम्मा, इसका जवाब तो खुद तुम हो, तुम मुझसे क्या जवाब मांगती हो?

कुछ दिन बीत गए। न समीर का फ़ोन आया, न ससुराल से कोई बुलावा आया। गहना रोज नौकरी पर जाती और वापस आती। बाप दारू पीकर तरह-तरह के सवाल करता। कभी-कभी समीर को फ़ोन लगाता पर समीर नहीं उठाता था उनका फ़ोन। फिर गहना को भला-बुरा कहते। एक दिन गहना नौकरी से वापस आयी, तभी पापा दरवाजे में खड़े हो गए और बेटी को कहने लगे 'जाओ अपने घर उल्टे पैर लौट जाओ।' अनुसूया जी बीच में पड़ी और गहना को घर में लिया। पापा भली-बुरी बातें सुनाते रहे।

सुबह जब तैयार होकर गहना निकल रही थी तब माँ ने कहा कि कहीं हॉस्टल में जगह देख लो रहने के लिए, क्योंकि तुम्हारे पापा तुमको यहां जीने नहीं देंगे।

गहना समझ गयी और घर से निकल कर नौकरी की जगह फ़ोन कर दिया कि कुछ इमरजेंसी है इसलिए नहीं आ पाएगी। और अपने लिए एक कमरा तलाशने निकल पड़ी नोएडा जैसी जगह में शाम तक घर तो नहीं मिला कहीं अकेली औरत को। पर हॉस्टल मिल गया। शाम को गयी और सारा सामान उठाकर ले आयी। हॉस्टल में नौकरी करने वाली स्त्रियां विशेषकर रहती थी वहां। गहना ने वकील को अपना केस बताया। काफी सारे लोगों के लिए तो यह मामला ही अजीब था। इसलिए केस लिया ही नहीं। फिर कोई एनजीओ के थ्रू एक वकील मिल गयी दुर्गा। दुर्गा के केस लेने के बाद गहना आश्वस्त हो गयी। अब क्या, सिर्फ आश्वस्त होने से काम नहीं बनने वाला था। वैसे भी गहना ने अपनी सारी बातें दुर्गा को बतायीं और यह भी बताया कि मैरिज से पहले इस बाबत दोनों में कॉन्ट्रेक्ट हुआ था। दुर्गा ने देखा कि कॉन्ट्रेक्ट में यह बात साफ-साफ लिखी गयी थी कि गहना को शादी के बाद घर वालों द्वारा भी जबरदस्ती नहीं कि जा सकती। अगर ऐसा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी समीर लेगा। समीर ने न जिम्मेदारी ली और न कुछ। सीधे बात से ही मुकर गया। अब दुर्गा ने समीर को कोर्ट का नोटिस दिया। समीर ने सपने में भी नही सोचा था कि गहना उसे कोर्ट में खींचेगी। फिर क्या? समीर को भी कोर्ट का सामना करना पड़ा। उसकी तरफ से उसने एक वकील कर लिया था। यह एक अनोखा और अजीब-सा केस कोर्ट में पेश हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने पूछा- लेकिन हर्ज क्या है आपको मां बनने में?

मुझे हर्ज है इसलिए तो हम बात कर रहे हैं न? समीर के वकील ने गहना से कहा, देखिए मैडम, मामला कोर्ट में टिक नहीं पायेगा इसलिए कह रहे हैं। गहना- 'तो न टिके मेरी बला से।' नहीं मतलब आपके साइड से कोई केस बन भी गया है तो वह टिकेगा नहीं कोर्ट में। देखते हैं।

मतलब, आप अपने साथ-साथ अपने पति की भी ऐसी-तैसी करवाओगी? मेरा मतलब मैडम केस वापस ले लो, फिर बाद में मत कहना कि मैंने आपको बताया नहीं।

कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ। आखिर फैसला गहना के पक्ष में हुआ। समीर को कहा गया कि आप अपनी पत्नी को इस तरह से जबरदस्ती अब नहीं कर सकते। जबकि शादी के वक्त ही उसने आपसे कॉन्ट्रेक्ट लिखवाया था। आपने खुशी-खुशी उस पर दस्तखत भी किए हैं। अब किसी के कहने पर या परिवार के कहने पर भी आप उसे बदलवा नहीं सकते। तब तक कि जिसने आपके साथ कॉन्ट्रेक्ट किया है वह खुद कहे कि मुझे कॉन्ट्रेक्ट में बदलाव करना है मैं मां बनना चाहती हूं। समीर और गहना कोर्ट के फैसले के बाद साथ-साथ चल रहे थे कॉरिडोर में। समीर ने गहना को रोका, कहा कि सॉरी मुझसे ही भूल हुई है, मैं अपनी बातों पर कायम नहीं रह पाया। पर अब मैं इस रिलेशनशिप को कंटीन्यू नहीं करना चाहूंगा। तभी गहना ने कहा ठीक है मुझे भी नहीं करना है इस बेईमान रिश्ते को कंटीन्यू। ये पेपर्स हैं, मुझे तुमसे डिवोर्स चाहिए।

समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।


*कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ।*


कविता

डॉ.कमलेश मलिक



## संकल्प

जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा
प्रेम-शांति संदेश छोड़ अब रण का बिगुल बजाना होगा

किसी हिमांशी की आंखों से सिंधु जल अब नहीं बहेगा
किसी आरती के सर से अब पिता का साया नहीं उठेगा
यह संकल्प लिए अर्जुन को अब तो शस्त्र उठाना होगा

ऊरी अटैक या पुलवामा दुश्मन ने मुंह की खाई है
कितने सैनिक हमने खोये यह भी कड़वी सच्चाई है
सर से पानी उतर गया अब उनको सबक सिखाना होगा

पहलगाम का सीना छलनी माथे की बिंदिया का क्रंदन
बिलख-बिलख कर कहता है अब राखी के धागों का बंधन

दुश्मन केवल दुश्मन ही है रिश्ता यही निभाना होगा
जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा।



कविता

क्षमा उर्मिला

## अकेले ही ढले हैं

जहां सारा हैं अपना हम यही माने चले हैं
परख कर दुख ही तो होगा अनाड़ी ही भले हैं

झुलसने का ना हम को डर लगे खेल अब तो
तपन को बाहों में लेकर अंधेरों में जले हैं

हजारों रातें गहरी चाँद तक तक के ही काटी
उसे मामा ही समझे हम अंधेरे यूं टले हैं

बना कर धर्मों की केंची सियासत पंख काटे
उड़ानें भरते पंछी बस शिकारी को खले हैं

यही होता है सदियों से सुबह के सूरजों का
उगे ओजस्वी किरनों में अकेले ही ढले हैं

निगल जाती है सौ जानें लहर तोड़े किनारे
हुआ ये तब किनारे जब समन्दर को छले हैं।



मुक्तक

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

याद तो दिल खुदा को करता है,
अक्स तेरा ही क्यों उभरता है?
बेखुदी हद से जब गुजरती है,
आदमी इस तरह भी मरता है।

**

आप से प्यार हो गया कैसे ?
यह चमत्कार हो गया कैसे ?
प्यार को मैं गुनाह कहता था,
मैं गुनहगार हो गया कैसे ?

**

जीवन के संघर्षों ने जब भी ललकारा है।
कागज़-क़लम ने मुझको दिया सहारा है।
बड़े-बड़े तूफानों से मैं घिरा रहा अक्सर,
इसी नाव ने मुझे हमेशा पार उतारा है।



कविता

दिनेश दिनकर

## मेरी आखिरी सांस

तेरे बिन ये सन्नाटा सुन,
मैं तनहाईयों से घिर गई
जब सुनी तेरी आवाज
तो तुझे खोने की अफवाह पिघल गई
हर रोज सपने में तुझे देखती थी
तुझे चूमती थी तुझे पुकारती थी
इक आखिरी ख्वाहिश बची है सीने में
गर भर लूं तुझे बाहों में,
तो इस जहां से छुमंतर हो सकूं
बोलो थामोगे मेरा हाथ
जब तक बची है मेरी आखिरी सांस।

कविता



राज ख्यालिया

वक़्त की कमी है, मगर मिलन की चाहत है बाकी,
दिल में अभी तेरे नाम की लगन है बाकी।

राहों में रुकावट हैं, फासले भी कायम है
फिर भी न जाने क्यों एक आस है बाकी

चाहा तुझे लम्हों में बाँध लूँ साँसों की डोर से,
पर ज़िंदगी में अब भी कुछ उलझनें है बाकी।

हर मोड़ पर देखा तुझे यादों की सूरत में,
फिर भी न जाने क्यों है आँखों नमी है बाकी...



कविता

राकेश कुमार सपड़ा

## कलमा

थे वो सैलानी भ्रमण पे
काश्मीर के चमन में
झेलम ढल सब निहार ली
पहलगाम की फिर राह ली
छूट ना जाए कोई झील या झरना
क्या मालूम था
छद्म वेश में
आ जाएगा पूछने कोई
क्या आता है पढ़ना कलमा ?

बैसरन वादियाँ
महक रही थी जहाँ
बेशुमार खुशियाँ
इन्सानियत वहाँ शर्मसार हुई
गोली दिल के पार हुई
खून से घाटी लाल हुई
मासूम जिंदगियां
दहशत की शिकार हुई।

पूछ कर नाम शिकार जो बनाते हैं
छुपे नहीं है जो ये आतंक मचाते है
बहा के खून बेकसूर निहत्थो का
मानवता को कलंकित कर जाते हैं।

आंखे हमारी सबकी भले ही नम है
अपनों को खोने का भी गम है
होंसला नहीं हुआ फिर भी कम है
मिटाने का आतंक जड़ से लिया प्रण है
देखा ही कहाँ तुमने अभी हमारा दम है।



कविता

अंजु कपूर गांधी

## बेरोज़गार हूं मैं

हां बेरोज़गार हूं मैं।
था सुमन ठोकरों से ,
बन चुका खार हूं मैं।
जिससे है की पढ़ाई
हुई खत्म वो कमाई
खटता है बाप अब तक
खाली बेकार हूं मैं।
मां मांगती दुआएं
अल सुबहा जब भी जागे
हर दर पे टेके माथा
बांधे मन्नतों के धागे
टूटे नित उम्मीद उसकी
देखूं, लाचार हूं मैं।
खाना परोसा जाता
नहीं बैठ खा मैं पाता
करती सवाल आंखें
रहता दरकिनार हूं मैं ।
थामे डिग्रियों की फाइल
थके पांव रुह है घायल
लगता है लिए घूमता
गर्द और गुबार हूं मैं
ज्वालामुखी धधकता
आक्रोश का है भीतर
कब फूट पड़े लावा
जलता अंगार हूँ मैं।
बेरोज़गार हूँ......

**महिला साहित्यकार, कवियत्री एवं लेखिका मीना चौधरी का इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति को लेकर कहना है कि आज साहित्य अत्यंत रोचक, बहुआयामी और चुनौतीपूर्ण है। तकनीकी प्रगति, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, जिससे साहित्य अब सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा। ब्लॉग, ई-बुक्स, पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे डिजिटल माध्यमों ने नए लेखकों को मंच दिया है।**

साक्षात्कार

ओ.पी पाल

# समाज के हित में हिंदी साहित्य को जीवंत रखना जरूरी : मीना चौधरी

साहित्य संवर्धन में जुटे साहित्यकार अलग-अलग विधाओं में समाज को नई दिशा देने के मकसद से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी लेखनी चलाते आ रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में महिला साहित्यकार मीना चौधरी भी एक कवि के रूप में अपने रचना संसार को आगे बढ़ा रही हैं। साहित्य और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए समर्पित लेखन के साथ वह कई साहित्यिक, सामाजिक, उद्यमी जैसी संस्थाओं के साथ जुड़ी हैं।

लेखिका मीना चौधरी ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मकसद गद्य और पद्य दोनों विधाओं में साहित्यिक व सांस्कृतिक मंचों पर सक्रिय रहकर हिंदी साहित्य को जीवंत और विकासशील बनाए रखना है, ताकि साहित्य और समाज में उनकी सार्थक भूमिका बनी रहे। मीना चौधरी का जन्म 28 मार्च 1971 को जमशेदपुर (झारखंड) में एक मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता जमशेदपुर स्थित टेल्को कंपनी में इंजीनियर थे और माता एक समर्पित गृहिणी रहीं। उनका बचपन जमशेदपुर में ही बीता। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लिटिल फ्लावर स्कूल (कॉन्वेंट स्कूल) से हासिल की। उनके परिवार या घर में किसी प्रकार का साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उन्होंने अपनी शिक्षा विज्ञान विषयों में की, लेकिन हिंदी भाषा के प्रति उनका एक विशेष लगाव रहा और इसी हिंदी प्रेम के चलते उनकी साहित्यिक रुचि विकसित हुई। स्कूल और कॉलेज के दिनों में कभी-कभार कुछ भावनात्मक लेखन करती थी और उसी दौरान आकाशवाणी से भी जुड़ने का अवसर मिला। हालांकि छात्र जीवन की व्यस्तता के कारण यह साहित्य की रुचि थोड़ा पीछे रही। गृहस्थी में आने के बाद से ही हरियाणा के गुरुग्राम में उद्यम, साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गई। साहित्यिक लगाव के कारण उन्होंने लेखन कार्य शुरू कर दिया। वे समाज के विभिन्न पहलुओं पर कविताएं और आलेख लिखती आ रही हैं। उन्होंने बीएससी की शिक्षा के दौरान अपनी पहली रचना लिखी, जो स्थानीय अखबारों में भी प्रकाशित हुई। इससे उनका लेखन के प्रति ऐसे में आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था, जब उनकी रचना रेडियो पर भी प्रसारित हुई। उनका पहला हिन्दी कविता संग्रह 'रस स्राविता' प्रकाशित हुआ, जिसे भाषा सहोदरी हिन्दी के सहयोग से 2019 में प्रकाशित किया गया। जबकि उनका दूसरा काव्य संग्रह 'पैबंद पर सितारे' शीर्षक से पुस्तक के रूप में 2021 में पाठकों के सामने आया। जबकि तीसरा काव्य संग्रह शीघ्र ही प्रकाशित होगा। बकौल मीना चौधरी, वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं। उन्होंने 'भाषा सहोदरी हिंदी' सहित कई संस्थाओं के साथ मिलकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य किया है, जिसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली और उन्होंने मॉरीशस, दुबई और सिंगापुर जैसे देशों में हिंदी को मंच को साझा किया। उनका कहना है कि उनके साहित्य क्षेत्र के सफर में उनके पति, बेटियों और दामाद समेत परिजनों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन मिला है, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। साहित्य क्षेत्र के अलावा वे सामाजिक सेवा में भी सक्रीय हैं और स्वच्छता जागरण समिति जैसी संस्थाओं से जुड़ी हैं। वहीं वे कई साहित्यिक संस्थाओं से जुड़ी होने के साथ भाषा सहोदरी की मुख्य संयोजिका हैं और आगमन की राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला काव्य मंच, गुरुग्राम की महासचिव भी रही हैं। वे खुद के संस्थान इंडसोल एंटरप्राइजेज की अध्यक्ष भी हैं यानी इंडसोल एंटरप्राइजेज में स्व-नियोजित, उद्यमशीलता की दुनिया में अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता उनके पास है।

एक साहित्यकार के रूप में वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दुबई और मॉरीशस में मुख्य प्रबंधक रही हैं एवं भाषा सहोदरी पत्रिका की सम्पादक भी हैं। उनका कहना है कि युवाओं को साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि साहित्य न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को समृद्ध करने के साथ सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता भी बढ़ाता है। ऐसी प्रेरणा युवाओं को अपनी संस्कृति, समाज और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में सहायक होगी।

### प्रकाशित पुस्तकें

लेखिका एवं कवि मीना चौधरी की प्रकाशित पुस्तकों में रस स्राविता, पैबंद पर सितारे और मेरी स्वरचित काव्य संग्रह प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनके हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में साँझा संकलन एवं पत्र-पत्रिकाओं में कविताएं, लघुकथा और लेख भी प्रकाशित हुए हैं। इसके अलावा वे गद्य और पद्य दोनों साहित्यिक विधाओं में आलेख और रचनाएं लिखती आ रही हैं। वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं।



मीना चौधरी

### पुरस्कार व सम्मान

मीना चौधरी को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो से अनेक सम्मान मिल चुके हैं। इनमें विश्व हिंदी सम्मान दुबई, 'सहोदरी रत्न' मॉरिशस, 'शब्द मनीषी सम्मान', विविधता में एकता राष्ट्रीय सम्मान, आगमन तेजस्विनी अवार्ड, रंग राची सम्मान, स्वर लहरी सम्मान, प्रेरणा पीढ़ी पुरस्कार, भाषा सहोदरी सम्मान प्रमुख रुप से शामिल रहे। उन्हें अनेक साहित्यिक मंचों से भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : मीना चौधरी
**जन्मतिथि** : 28 मार्च 1971
**जन्म स्थान** : जमशेदपुर (झारखंड)
**शिक्षा** : बीएससी, एमबीए
**संप्रति** : लेखिका, कवि, संपादक, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता (गुरुग्राम क्षेत्र)

# 'हेल्लो ज़िंदगी' में हैं शिक्षा और समाज के सरोकार






**पुस्तक : हेल्लो ज़िंदगी**
**लेखक : विनय मोहन खारवन**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : समदर्शी प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा

अरुण कुमार कैहरबा

सेवानिवृत प्राध्यापक व इस पुस्तक के लेखक विनय मोहन खारवन की प्रतिभा निरंतर समाचार-पत्रों व पत्रिकाओं में चमकती रही है। उनके लघुकथा संग्रह 'हैल्लो ज़िंदगी' शीर्षक ही स्पष्ट करता है कि लेखक अपनी रचनाओं में ज़िंदगी के साथ सीधा संवाद कर रहा है।

अपने समृद्ध अनुभवों और समझ के आधार पर जीवन के विविधि पहलुओं, घटनाओं और संबंधों को अपनी लघुकथाओं के जरिये परख रहा है। लेखक रोजमर्रा के जीवन की छोटी से छोटी घटना को लेता है और सीधे-सरल शब्दों में कथा कहते हुए मर्म की बात कह जाता है। लघुकथाएं विसंगतियों व विडंबनाओं की तरफ संकेत भी करती हैं और प्रहार भी करती हैं। लेखक का मत है कि 'रिटायरमेंट जिंदगी को हैलो कहने का समय होता है।' लेखक का संबंध शिक्षा से रहा है। यही कारण है कि समीक्ष्य संग्रह में उनके शैक्षिक सरोकार अनेक लघुकथाओं में दिखाई देते हैं।

'शोषण' व 'आज का एकलव्य' लघुकथाएं इसी विषय पर केंद्रित हैं। 'आज का एकलव्य' लघुकथा में तीस साल से निजी स्कूल में पढ़ा रहे अध्यापक की दयनीय दशा को दिखाया गया है। 'पैसा और पढ़ाई' में पढ़ाई के प्रति अमीर लोगों का दृष्टिकोण उजागर होता है, जिसमें वे पढ़ाई से ज्यादा पैसे को तरजीह देते हैं। संग्रह में सरकारी स्कूलों का चित्रण भी है। 'ज़मीर' लघुकथा में बीस लाख रुपये के अनुदान पर प्रिंसिपल अपने जमीर को दरकिनार करके मन की इच्छाओं को तरजीह देता है। 'प्रैक्टिकल' में कॉलेज के अध्यापक की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में लालच की प्रवृत्ति उजागर होती है। 'नकल' लघुकथा में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सुपरवाइजर द्वारा नकल का धंधा करने और उड़नदस्ते के एक सदस्य द्वारा इसकी उपेक्षा करते हुए सुपरवाइजर के साथ दोस्ती निभाने की अपराधपूर्ण स्थिति को दर्शाया गया है। 'सिलसिला' में ऊपर से नीचे तक चलने वाले धमकी व डर के सिलसिले के बाद बिना किसी सार्थक उद्देश्य से बजट खर्च करने के लिए होने वाले सेमिनारों की कड़वी सच्चाई सतह रूप में उजागर कर दी गई है। शिक्षा कैसे अंकों की होड़ में तब्दील हो गई है, इसे 'ज़िंदगी के नंबर' और 'खुशी का प्रतिशत' में दिखाया गया है। लेकिन 'ज़िंदगी के नंबर' में परीक्षा के अंकों को देखने का सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख दी गई है। संग्रह की अनेक लघुकथाएं हृदय स्पर्शी हैं और सवाल खड़े करती हैं। पहले संग्रह के लिए लेखक को हार्दिक बधाई।

## खबर संक्षेप

### निगम से हटाए गए कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**मंडी अटेली।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम से विभिन्न विभागों से हटाए गए कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की कार्यालय पर उनके पीए को एक ज्ञापन सौंपा, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल कुमार यादव ने की। मंच का संचालन जिला सचिव राहुल सारवान ने किया। ज्ञापन में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कौशल रोजगार के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों हटाया गया है। उन सभी को तुरंत प्रभाव से दोबारा से ज्वाइन करवा जाए। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव महेंद्र सिंह बोयत, अमित, कुलदीप, हर्ष, भगवानदास, गौरव, सरताज, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार व अरुण आदि नेता मौजूद रहे।

### गांव गहली में दिल का दौरा पड़ने से मौत

**नारनौल।** गहली गांव के करीब 28 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र लीलाराम की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जानकारी मुताबिक सुनील फोटोग्राफर का काम करता था। बीती मध्य रात्रि के उसकी तबीयत खराब हो गई। जी घबराने एवं उल्टी आने पर उसे डाक्टर के पास ले जाया गया, जिसने बीपी वगैरा चेक करके उसे दवा दे दी, लेकिन जब उसे घर लाया गया तो वह एकदम अचानक से जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे नारनौल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अब तक नहीं हुई अज्ञात शव की पहचान

**नारनौल।** अटेली के चंपा देवी स्कूल के समीप मिले करीब 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने उपरांत उसे नारनौल अस्पताल पहुंचाया तथा शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। शव की पहचान नहीं होने के चलते 72 घंटे उपरांत शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

### ब्राह्मण सभा सतनाली की बैठक 25 को

**सतनाली मंडी।** सोंहासरिया धर्मशाला सतनाली में 25 मई को श्री गौड़ ब्राह्मण सभा इलाका सतनाली की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभा प्रधान कैप्टन अशोक कुमार ने बताया कि बैठक में आवश्यक मुद्दों व समाज उत्थान आदि पर चर्चा की जाएगी। यह निर्णय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में लिया गया। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचने का आह्वान किया।

### अटेली में शिक्षा सवामणि में पुस्तकें वितरित की

**मंडी अटेली।** अटेली के वार्ड नंबर नौ में राहुल कौशिक द्वारा शिक्षा सवामणि का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छह से 12वीं तक विद्यार्थियों को प्रसाद स्वरूप पुस्तकें वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि गगन शर्मा ने बताया कि शिक्षा की सवामणि विद्यार्थियों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य है।

### गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस पर कलश यात्रा आज

**मंडी अटेली।** सिहमा में शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ का 12 मई को हवन और कलश यात्रा आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए सत्यप्रकाश ने बताया कि सिहमा में शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ की सुबह सात बजे हवन यज्ञ आयोजित किया जाएगा। उसके बाद सुबह नौ बजे कलश यात्रा आयोजित की जाएगी। इस कलश यात्रा में गांव की सैकड़ों महिलाएं शामिल होंगी।

### स्लम एरिया टैलेंट टीम ने बच्चों संग मनाया मातृ दिवस

**नारनौल।** आज समाज में छोटी छोटी बातों पर मां बहन की गालियां देना एक स्टेटस बन गया है, जो समाज में एक बुराई है, फिर भी छोटे छोटे बच्चे इस बुराई को अपनाते जा रहे है। यह बुराई बच्चे बड़ों व आसपास से सीखते है। इसी बुराई को मिटाने के लिए स्लम एरिया टैलेंट के बच्चों ने गली गली घूम कर मां बहन की गाली न देने का सन्देश दिया।

---

### विद्यालय के डायरेक्टर नरेश यादव ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

# हर युवा मातृशक्ति को पहचानें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शिक्षिकाएं। फोटो: हरिभूमि

## विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना में मदर्स-डे मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुंड

विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना में रविवार को मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए मदर्स-डे मनाया गया।

विद्या, ज्ञान एवं संस्कार की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से मां की ममता का बखान किया। कार्यक्रम शहीदों की माताओं को समर्पित रहा। छात्रों की माताओं ने भी अनेक मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के डायरेक्टर नरेश यादव ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से सुबह अपनी माता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर अपने दिन की शुरूआत करें। भारत का हर युवा मातृशक्ति को पहचानें एवं भारत माता एवं सभी महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। स्कूल की एमडी कृष्णा यादव ने कहा कि भारत की महिलाएं किसी से कम नहीं है। जब-जब राष्ट्र को जरूरत पड़ी, तब-तब किसी ने झांसी की रानी तो किसी ने राजमाता व जीजाबाई बनकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आज हमारे देश के बहादुर सैनिक सीमा पर दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ डटकर मुकाबला कर रहे हैं। ऐसे समय में धन्य हैं वे माताएं, जिन्होंने अपने कलेजे का टुकड़ा राष्ट्र की रक्षा के लिए सीमाओं पर भेजा है। कार्यक्रम में सभी माताओं का उपहार भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल लोकेश कुमार, एचओडी सुमित धनखड़ व नरवीर सिंह व कोर्डिनेटर अनामिका शर्मा सहित सभी अध्यापक मौजूद थे।



## प्री प्राइमरी के बच्चों ने धूमधाम से मनाया मदर्स-डे

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में प्री प्राइमरी के बच्चों की ओर से मदर्स-डे पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनरल सेक्रेटरी जयश्री सैनी व अभिभावकों ने किया तथा मंच संचालन शिक्षिका मीनू और पूजा ने किया। बच्चों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सभी माताओं के लिए भी प्रतियोगिताएं रखी गई। मदर्स ने रैंप वाक, सोलो डांस व सोलो सिंगिंग से सभी को मंत्रमुग्ध किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र सैनी ने कहा कि मां की ममता के कर्ज को चुकाना आसान नहीं है। सभी को अपनी मां का आदर करने के साथ सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब माताएं स्वस्थ रहेंगी तो बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, प्राचार्य कुलदीप जांगिड़ व उपप्रधानाचार्य निधि सैनी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सती माता के मंदिर में हवन करते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## गायकों ने मधुर भजनों से किया माता का गुणगान

- गांव पीथड़ावास स्थित सती माता मंदिर में हवन व विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुंड

जिले के गांव पीथड़ावास स्थित सती माता के मंदिर में रविवार को हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ ने बताया कि गांव के मंदिर में हर वर्ष ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

गांव पीथड़ावास सहित आसपास के कई गांवों के लोगों ने श्रद्धा व आस्था साथ कार्यक्रम में भाग लिया। सती माता मंदिर समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व कोषाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि लोगों में सती माता के प्रति विशेष आस्था एवं श्रद्धा है। नामी कलाकारों की ओर से मंदिर में भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया गया। नारनौल से आर्ट ग्रुप ने सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### कालूवास के नवनीत का आईआईएम उदयपुर में चयन



**रेवाड़ी।** जिले के गांव कालूवास निवासी नवनीत का इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानि आईआईएम उदयपुर राजस्थान में मॉस्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन 2025-27 में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। नवनीत के पिता अनिल कुमार दिल्ली पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत है। नवनीत के आईआईएम उदयपुर में चयन होने पर परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर है। गांव के प्रबुद्धजनों व शिक्षण संस्थाओं ने नवनीत को बधाई दी है।

## बाबा बणदेव के धाम पर लगा मेला

- श्रद्धालु महिलाओं ने मन्नतें मांगी व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बावल

बावल क्षेत्र के गांव रायपुर में रविवार को बाबा बणदेव के धाम पर मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। मेले में काफी संख्या में पुरुषों और महिलाओं व बच्चों ने बाबा से मन्नते मांगी व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे का आयोजन विष्णु स्वरुप शर्मा की ओर से किया गया। श्रद्धालु पूजा व सीमा ने बताया कि बाबा से जो भी मन्नत मांगी जाती है व अवश्य पूरी होती है। बाबा के धाम पर दूर-दूराज से लोग दर्शन के लिए आते है। बााब के धाम पर नवविवाहित जोड़ों की जात लगाने के साथ नवजात शिशुओं के मुंडन की रस्म भी की जाती है। इस मौके पर मंदिर कमेटी से सूबेदार झूतरराम, सूबेदार कृष्ण देव, सतवीर, सुबे सिंह, भागमाल व कालूराम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। गांव रायपुर स्थित बाबा के धाम पर मौजूद श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### स्मैक के साथ तस्कर चढ़ा सीआईए के हत्थे

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली ने नशीला पदार्थ बेचने के एक आरोपी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ रामपुरा थाने में केस दर्ज कराया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि देहलावास गुलाबपुरा निवासी इंद्रजीत उर्फ भूरिया गांव में नशीले पदार्थ की बिक्री करता है।

पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 2.13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। सीआईए की टीम ने उसे गिरफ्तार करने के बाद रामपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी।

## सेवानिवृत्त हुए थानेदार का सम्मान

- बहोतवास भौंदू के बाबा बालेश्वर धाम पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

दिल्ली पुलिस में थानेदार पद से सेवानिवृत्त हुए बिरेंद्र सिंह के सम्मान में गांव बहोतवास भौंदू के बाबा बालेश्वर धाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गांव पंहुचने पर ग्रामवासियों की ओर से सेवानिवृत्त थानेदार का स्वागत किया गया। सरपंच कर्मबीर, मनोहर प्रधान, लाल सिंह, कृष्ण कुमार, रविदत्त, हरीश व ओमप्रकाश ने बिरेन्द्र सिंह को सम्मान की पगड़ी भेंट की। पूर्व जिला पार्षद एवं चेयरमैन कृष्णा आदर्श शिक्षण संस्थान अमित यादव ने गुरदयाल नंबरदार, डा. महेश, रामदयाल प्रधान, करतार सिंह, गोविंद, हरिचरण पटवारी, सत्यदेव व सुल्तान सिंह के साथ सेवानिवृत्त थानेदार को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इस मौके पर मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। सेवानिवृत्त थानेदार बिरेंद्र सिंह का सम्मान करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### आपातकालीन स्थिति में क्षति कम करने का प्रशिक्षण दिया

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अग्निशमन विभाग के सहयोग से रविवार को अग्नि सुरक्षा एवं क्षति जागरूकता पर केंद्रित सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के सहभागियों को अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में क्षति को कम करने का प्रशिक्षण दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आपातकालीन स्थिति में जागरूकता और तत्परता के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्षों से मिले, सबक आज भी न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय की सुरक्षा के लिए भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञ सब-फायर आफिसर विकास कुमार द्वारा व्याख्यान और लाइव अग्निशमन प्रदर्शन के माध्यम से सामान्य और आपातकाल दोनों स्थितियों में अग्नि रोकथाम और क्षति को कम करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने किया कन्या की शादी में आर्थिक सहयोग

- कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता: मनीष गोगिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने एक गांव की बिटियां का कन्यादान किया। इस जरूरतमंद परिवार की जानकारी संस्था के साथी भाई सतीश फौजी ने दी। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता गांव गांव में साइकिल पर जाकर आइसक्रीम बेचते है। इस परिवार में पिता के अलावा कमाने वाला और कोई नहीं है। परिवार की माली हालत है। जिस पर इसका संस्था ने विचार विमर्श करके सहयोग करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समजसेवी भारत भूषण वालिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा, निखिल जैन, राकेश यादव सेकवाल ने की। कार्यक्रम संयोजक मनीष गोगिया, मनीष गर्ग, संदीप जैन थे। अतिथियों ने बताया कि आज के युग में अपने लिए समय निकालना बड़ा मुश्किल काम है, संस्था की आर से सभी साथी गण ऐसे नेक कार्य को अंजाम दे रहे है, यह बहुत बड़ी बात है। इसके लिए सभी साथी बधाई के पात्र है। गोयल ने बताया कि पिछले कई सालों से संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया के सानिध्य में कन्यादान की मुहिम को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। मनीष गोगिया में बताया कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। इस अवसर पर संस्था ने अपना फर्ज निभाते हुए कन्यादान में 51 बर्तन का सेट, लहंगा चुनरी, सूट साड़ियां, अटैची, प्रेस, कुकर, सीनरी, हॉट केस, बॉटल, थर्मस, पंखा, डबल बेड शीट, पर्स, कप सेट, पैंट शर्ट, फैंसी स्लीपर, ट्रे सेट, वाटर कैम्पर, दीवार घड़ी, मिक्सी व 501 रुपये का सहयोग किया। इस मौके पर पूजा, निखिल जैन, संदीप जैन, मनीष गोगिया, मनीष गर्ग, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रवेश जांगिड़, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, दुलीचंद शर्मा, जयप्रकाश गोयल, सुनील गोयल, राकेश यादव, विजय, प्रदीप कुमार, सतीश फौजी आदि मौजूद थे।



नारनौल। शादी में दिए जाने वाले सामान के साथ ग्रुप सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## मातृ दिवस पर हरित वसुंधरा आधार समिति की बैठक का आयोजन



**नारनौल।** मोहल्ला पीरागा में रविवार को हरित वसुंधरा की 33वीं आम सभा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समिति की पिछली आमसभा की बैठक में हुए निर्णयों के क्रियान्वयन पर चर्चा व आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले पौधारोपण की रूपरेखा पर चर्चा कर इसकी रूपरेखा तैयार की गई। आम सभा समिति प्रधान एडवोकेट हर्ष सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर समिति के 32 सदस्यों की उपस्थिति में पौधारोपण पर गहन चर्चा कर कार्य योजना तैयार की। बैठक के दौरान आनंद स्वामी ने समिति सदस्यों को पर्यावरण से जुड़े विषयों पर सम्बोधित किया। समिति के सभी सदस्यों ने अत्यंत रूचि व गंभीरता के साथ पर्यावरण पर स्वामी के प्रेरक विचार सुने। इस अवसर पर केके कॉन्सेप्ट क्लासेज की ओर से समिति की सभी मातृशक्ति सदस्यों को सम्मानित किया। समिति की परंपरा के अनुसार इस बैठक के दौरान किसी भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया। हरित वसुंधरा आधार समिति के संस्थापक सदस्य सुरेश कुमार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभा में आए सदस्यों को पौधा देकर सम्मनित किया।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों से बातचीत करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

### जल्दी ही पाइप लाइन के माध्यम से वन भूमि में छोड़ा जाएगा पानी: विधायक

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने बसई गांव के जोहड़ में गंदे पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया। गांव के लोगों ने विधायक से जल्द से जल्द कराने की मांग रखी। जिससे गांव मे गंदे पानी से होनी वाली बीमारियों से बचाव हो सके। विधायक कंवर सिंह यादव ने आश्वस्त किया हैं कि जल्दी से जल्दी इस कार्य को पाइप लाइन के माध्यम से गांव के वन भूमि में छोड़ा जाएगा। जिससे ग्रामीणों को कोई परेशानी ना हो सके। विधायक ने कहा कि बीजेपी सरकार गांव लेवल पर हर कार्य को प्राथमिकता से करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूती के साथ विकास कार्य कर रही है। नहरी पानी सहित अन्य बहुत से अभूतपूर्व विकास जल व्यवस्था में व्यापक सुधार जैसे अमूल्य उपहार के साथ ही क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देने का काम बीजेपी सरकार हरियाणा में कर रही है। इस अवसर पर सिंचाई विभाग एक्सईएन आशुतोष, नौरंग सिंह, सुनील मास्टर, भगत सरपंच, विक्की, इंद्रपाल देवनगर, मुकेश ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### आईजीयू में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को समर्पित देशभक्ति कार्यक्रम

# भारतीय सेना के बलिदान, अनुशासन की सराहना

- मुख्य अतिथि योग विभागाध्यक्ष ने प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में योग विभाग की ओर से 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को समर्पित देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में योग विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों 'अगर हम नहीं देश के काम आए, धरा क्या कहेगी गगन क्या कहेगा', 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' और 'राष्ट्र प्रथम जब भाव बनें' की प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि योग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू परूथी ने भारतीय सेना के बलिदान, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक डा. जयपाल सिंह राजपूत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, समर्पण एवं भारतीय सेना के प्रति गर्व की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि आज के सामाजिक परिवेश में उत्पन्न पैनिक स्थिति के समाधान के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से देशभर के विश्वविद्यालयों में राष्ट्र प्रथम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों एवं नागरिकों में धैर्य, राष्ट्रभावना तथा सहयोग की चेतना को जागृत करना है।

उन्होंने मुख्य अतिथि, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। आईजीयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

### युवाओं को दी प्रेरणा

डा. धर्मवीर यादव ने युवाओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यपरायणता की प्रेरणा दी और सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया। डा. अमनदीप ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डा. प्रवीण कुमार व योग शिक्षक अमित सहित योग विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

खबर संक्षेप



## शिविर में 213 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**कुंड।** कुंड बेरियर के सेवा कार्यालय में रविवार को पूर्व जिला पार्षद व समाजसेवी आजाद सिंह नांधा की ओर से 20वें निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ निमोर्ही अखाड़े के महामंडलेश्वर रामेश्वरदास महाराज ने किया। रीति आई केयर अस्पताल के चिकित्सकों ने शिविर में 213 लोगों की आंखों की जांच की तथा 93 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क दी गई। इस मौके पर रामेश्वरदास महाराज ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बड़ा पुण्य का कार्य है। आजाद सिंह नांधा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस मौके पर मास्टर नरेंद्र यादव, हेडमास्टर बीरसिंह, एडवोकेट रविंद्र खोला, पूर्व सरपंच राजेश झलू, अरविंद गुणवाल, घनश्याम खोला, इंद्रपाल खोला, पवन यादव, कृष्ण यादव डीपी, रामनिवास थानेदार व अजय मोहल्डा मौजूद थे।

## कोसली रेलवे स्टेशन से व्यक्ति की बाइक चोरी

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन से चोर भाकली गांव निवासी एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल को चोरी करके ले गए। संजय कुमार ने जीआरपी चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को रेलवे स्टेशन आया था तथा अपनी मोटरसाइकिल स्टेशन परिसर में खड़ी करके चला गया। जब कुछ समय बाद वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। अपने स्तर पर तलाश करने पर भी जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उसने रविवार को जीआरपी पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का मामला दर्ज किया है।

### विधायक ने पार्षदों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सौंपी जिम्मेदारी

# सरकुलर रोड पर चलेगा अभियान, शहर को साफ रखने का दिया जाएगा संदेश

■ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की मुहिम के तहत 18 मई को मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की मुहिम के तहत आगामी 18 मई को पूरे सरकुलर रोड़ पर मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर रविवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने गढ़ी बोलनी रोड स्थित रेस्ट हाउस में नगर पार्षदों व निजी स्कूल संचालकों सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अभियान को लेकर नगर पार्षदों तथा स्कूल संचालकों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस आयोजन के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर पूरे शहर को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि स्वच्छता के मामले में रेवाड़ी की हालत किसी से छिपी नहीं है, लेकिन जिले को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में प्रत्येक शनिवार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विभिन्न संगठनों व लोगों का सहयोग भी मिल रहा है।

विधायक ने कहा कि मात्र उनके प्रयासों से जिले को साफ-सुथरा नहीं बनाया जा सकता है, इसके लिए विभिन्न औद्योगिक, शैक्षणिक तथा मार्केट एसोसिएशन के साथ-साथ समाजसेवा में जुटी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। आगामी 18 मई को पूरे सरकुलर रोड़ पर महा मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सफाई योद्धाओं, सफाई मित्रों व अभियान से जुटे लोगों को दो टीमों में बांटकर सफाई की जाएगी। धारूहेड़ा चुंगी से अभियान का आगाज किया जाएगा। पहली टीम आजाद चौक, झज्जर चौक व रेलवे चौक होते हुए नारनौल चौक पहुंचेगी तथा दूसरी टीम गढ़ी बोलनी चौक, बस स्टैंड, बावल चौक व अग्रसेन चौक से होकर राव तुलाराम पार्क में पहुंचेगी। विद्यार्थी भी इस कार्य में अहम किरदार निभाएंगे। उन्होंने सफाई अभियान को लेकर नगर पार्षदों व निजी स्कूल संचालक प्रतिनिधियों को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी। विधायक ने शहर की जनता से भी अपील करते हुए कहा कि वे भी इस सफाई अभियान का हिस्सा बनें तथा एक जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाएं। बैठक में अनेक प्रबुद्धजनों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी रखे। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मांगपत्र भी सौंपा।



रेवाड़ी। नगर पार्षदों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते विधायक। फोटो : हरिभूमि

# सीआईए ने 5.68 किलोग्राम गांजे के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नशा मुक्त अभियान जिले में अवैध नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। सीआईए रेवाड़ी प्रभारी इंस्पेक्टर सुमेर सिंह की टीम ने 5.68 किलोग्राम नशीला पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव शिकारपुर निवासी शहाबुद्धिन के रूप में हुई है।

गत 10 मई को सीआईए को सूचना मिली थी कि शहाबुद्धिन निवासी गांव शिकारपुर नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है तथा गांव हांसाका के पास बाइक पर गांजा की सप्लाई करने के लिए खड़ा हुआ है। सूचना पर सीआईए ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर पॉलीथिन में 5.68 किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में जांच इकाई की ओर से आरोपी से बरामद नशीला पदार्थ के स्त्रोत के बारे गहनता से पूछताछ की जा रही है।



रेवाड़ी। नशीला पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी।

## होटल पर शराब पिलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने बस स्टैंड के पास एक होटल पर अवैध रूप से शराब पिलाने के आरोप में होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि देशी तड़का होटल पर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो होटल की केबिन में बैठे कुछ लोग शराब पी रहे थे। पुलिस को देखकर शराब पीने वाले लोग वहां से भाग गए। पुलिस ने होटल संचालक मोहल्ला डालियान निवासी उदय से शराब पिलाने का परमिट मांगा, तो उसने परमिट होने से मना कर दिया। आरोपी को होटल की वीडियोग्राफी करने के बाद काबू कर लिया गया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# दुकानदार से लूट के प्रयास का आरोपी रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

गत 9 मई की देर शाम कस्बे में एक दुकानदार का बैग छीनकर भाग रहे तीन आरोपियों में से काबू किए गए एक आरोपी को पुलिस ने कोर्ट से रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ व उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

सैनिक कॉलोनी निवासी आलोक बीते शुक्रवार को देर सायं बैग लेकर दुकान बंद करने के बाद घर जा रहा था। दुकान से थोड़ा आगे चलते ही तीन युवक वहां आ गए। उन्होंने आलोक के साथ मारपीट करते हुए उसका बैग छीनने की कौशिक की। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदारों ने आकर एक युवक को मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि दूसर फरार होने में कामयाब हो गया। दुकानदारों ने काबू किए गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरावड़ा निवासी आजाद सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस उसके दो अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में दुकानदार से लूट के प्रयास का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# देश के वीर सैनिकों को समर्पित कार्यक्रम आयोजित

■ आज आवश्यकता है अपने घरों में बेटियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग प्रदान करने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में देश के वीर सैनिकों को समर्पित कार्यक्रम 'ये नया भारत-वीरों का भारत' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व प्रधान डा. दीपक यादव, समाजसेवी प्रो सीएल सोनी, नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव व संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि देश के निर्दोष नागरिकों को पहलगाम में बेरहमी से मार दिया गया। भारतीय सेना ने जिसका बदला ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करके लिया। इस कार्यवाही का नेतृत्व कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कुशलतापूर्वक किया। पाकिस्तान ने हमारे देश पर आक्रमण करने का प्रयास किया तो सेना ने उनके फाइटर जेट व ड्रोन तबाह कर दिए। रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन के प्रधान मनीष अरोड़ा, गुरूद्वारा श्री गुरु नानक सिंह सभा बारा हजारी के प्रधान सरदार प्रीतपाल सिंह विग व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने कहा कि रेवाड़ी को स्वच्छता में नंबर एक बनाने की मुहिम आगे बढ़ती जा रही है। शहर को स्वच्छ बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। महिला प्रधान निशा सीकरी, महिला संयोजक शशि जुनेजा व शिक्षाविद मधु गुप्ता ने कहा कि आज आवश्यकता है अपने घरों में बेटियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग प्रदान करने की। जरूरत पड़ने पर हमारी बेटियां न केवल अपनी रक्षा कर सके, बल्कि दूसरों की भी मदद कर सके। सभी ने मिलकर देशभक्ति गीत पर एरोबिक्स किया। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सरदार कश्मीर सिंह, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, समाजसेवी अनिल आर्य, पर्यावरणविद् राजेंद्र गेरा व शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुदर्शन मेहंदीरत्ता, हिमांशु पिपलानी, सोनिया कपूर, कपिल कपूर, शिक्षाविद प्रीति, ओजस्वी, पूर्वांशी, प्रमोद सैनी व केएल कोहली सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में योग ध्यान लगाते हुए अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# शराब ठेकेदार का रास्ता रोककर मारपीट

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने एक शराब ठेकेदार का रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में पीथनवास निवासी सोमवीर ने बताया कि उसने सांपली गांव में शराब का ठेका लिया हुआ है। वह अपने साथी कसोली निवासी संजय के साथ गाड़ी लेकर ठेके पर खुले पैसे देने के लिए जा रहा था। उसने आरोप लगाया कि सांपली गांव के पास इसी गांव के निवासी कमन ने अपनी बाइक गाड़ी के आगे लगा दी। कमन ने उसे गाड़ी से उतरने के लिए कहा। मना करने पर उसने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद वह गाड़ी से उतरा तो उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया। इसके बाद आरोपी उसके पास मौजूद 4300 रुपये छीनकर फरार हो गया। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच करते हुए नकदी छीनने के आरोपों को निराधार करार दिया है। आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज करते हुए आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# प्रधानमंत्री की बीमा सखी योजना से 450 महिलाओं को मिला रोजगार: डॉ. खोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एलआईसी जिला कार्यालय में बीमा सखियों के लिए सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार फैमिली आईडी के कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला थे। इस मौके पर डा. खोला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से बीमा सखी योजना हरियाणा के पानीपत शहर से शुरू की थी। बीमा सखी योजना, विशेष रूप से महिलाओं के लिए, एक ऐसा कार्यक्रम है, जो उन्हें बीमा एजेंट बनाने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाने, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जीविकोपार्जन का अवसर प्रदान करने में मदद करती है।

डा. सतीश खोला व नरेंद्र यादव जिला भर्ती अधिकारी एलआईसी ने बीमा सखियों को सम्मानित किया।

नरेंद्र यादव ने बताया कि सभी बीमा सखियों को न्यूनतम कार्य करने पर 7 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है। कार्यक्रम में अधिकतम काम करने पर मानदेय के अलावा 3 बीमा सखियों को ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन, 13 को मिल्टन जग, 3 सखियों को चांदी का सिक्का, 50 को लंच बॉक्स तथा ट्रॉफियां प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जिले के 365 गांवों तथा रेवाड़ी, धारूहेड़ा, बावल में लिखित टेस्ट पास करके लगभग 450 बीमा सखी कार्यरत है। डा. खोला ने कहा कि आज लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम व लाखों ड्रोन दीदी योजना से लखपति बन गई है तथा लाखों महिलाएं एमएसएमई की योजनाओं का लाभ ले चुकी है।



रेवाड़ी। बीमा सखियों को संबोधित करते सतीश खोला। फोटो : हरिभूमि

## कैंप में 146 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



कैंप में लोगों की जांच करते हुए डॉक्टर।

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा का आयोजन किया। डॉक्टरों की टीम ने कैंप में 146 लोगों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की। शिविर में डा. रवि राव ने मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव ने हड्डीरोग, डा. पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डा. योगेन्द्र यादव ने चर्मरोग व डा. विदुला यादव ने नेत्ररोग के मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने लोगों को फिजियोथेरेपी की सेवाएं दी। सभा के प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, गोकल राम आदि का सहयोग रहा।

# ऐतिहासिक धरोहरों के दायरे में खनन संक्रियाओं व सन्निर्माण पर अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार के विरासत एवं पर्यटन विभाग की ओर से रेवाड़ी की ऐतिहासिक धरोहर रानी की ड्योढ़ी, सोलाराही तालाब व बड़ा तालाब को पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल मानते हुए इसके आसपास के 15 मीटर व उसके आगे 30 मीटर दायरे में खनन संक्रियाओं व सन्निर्माण करना प्रतिबंधित एवं विनियमित क्षेत्र घोषित किया जाना है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार के विरासत एवं पर्यटन विभाग द्वारा यह निर्णय हरियाणा प्राचीन तथा ऐतिहासिक स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1965 की धारा 29 के अंतर्गत प्रदेश के राज्यपाल की अनुमति से लिया गया है। उन्होंने बताया कि जारी अधिसूचना के अनुसार, रेवाड़ी स्थित रानी की ड्योढ़ी, सोलाराही व बड़ा तालाब के संरक्षित संस्मारकों की संरक्षित सीमा के 15 मीटर तक के क्षेत्र को प्रबंधित तथा खनन क्रियाओं और सनिर्माण दोनों के प्रयोजनों के लिए आगे के साथ लगते 30 मीटर तक के क्षेत्र को विनियमित क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है, जिसमें किसी भी प्रकार का निर्माण, खुदाई या अन्य गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित होगी।

यह अधिसूचना राज्य के राजपत्र में प्रकाशित होने के 60 दिनों के अंदर यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस विषय में कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता है, तो वह लिखित रूप में निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा को भेज सकता है।



## जरूरतमंद की जान बचा सकता रक्तदान: सैनी

**बावल।** सैनी धर्मशाला में रविवार को भारत विकास परिषद शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे करीब 70 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सैनी सभा के प्रधान दीनदयाल सैनी और भारत विकास परिषद के सदस्य मौजूद थे। प्रधान ने कहा कि रक्तदान करने से कोई शारीरिक हानि नहीं होती है। 24 घंटे में ही शरीर रक्त की पूर्ति कर लेता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, इसलिए सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। कैंप में महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्य जयवीर सिंह तंवर, विजय यादव, दाताराम सैनी, शेखर, पूजा व कुलदीप सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**मौसम** एक साथ कई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदल रहा

# मौसम में बार-बार आ रहा बदलाव तापमान में वृद्धि से उमस बढ़ी

### आज से आसमान साफ होने की संभावना, जल्द करना पड़ सकता है लू का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एक साथ कई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मई माह के पहले 11 दिन मौसम का मिजाज बार-बार बदलता रहा। कभी आसमान में बादल और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होती रही, तो कभी तेज धूप खिलने से गर्मी का असर बढ़ा।

तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने के कारण भारी गर्मी के प्रकोप से छुटकारा मिला रहा। सप्ताह के शुरू में ही मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे आने वाले दिनों में भारी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। दोपहर के समय आसमान में बादल गहराने के बाद कुछ इलाकों में एक बार फिर हल्की बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद आसमान साफ होते ही सूरज की तेज चमक ने गर्मी का असर बढ़ा दिया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियय बढ़कर 39.5 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान इतनी ही गिरावट के साथ 20.5 डिग्री पर आ गया। बार-बार बूंदाबांदी के कारण उमस लगातार बढ़ रही है, जिससे लोगों को दिन भर पसीने-पसीने होना पड़ रहा है। दोपहर के समय भारी गर्मी के कारण जनजीवन एक बार फिर से प्रभावित होना शुरू हो गया है। लोग दोपहर के समय बाजार में निकलने से भी बचने लगे हैं, जिससे बाजार सूने नजर आते हैं।



रेवाड़ी। सूनसान पड़ी सड़क। फोटो : हरिभूमि

### आज से तापमान बढ़ने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 12 मई से आसमान साफ हो सकता है। इस सप्ताह दो-तीन दिन आंशिक बादल छा सकते हैं, परंतु सप्ताह के पहले दिन से ही तापमान में वृद्धि शुरू हो सकती है। इस सप्ताह के अंत तक तापमान एक बार फिर से 42 डिग्री के पार जा सकता है, जिससे लोगों को हीटवेव का सामना करना पड़ेगा। मई माह में पड़ने वाली गर्मी का असर इस बार मौसम में बदलाव के कारण नजर नहीं आया है। मई के दूसरे पखवाड़े में गर्मी अपना रंग दिखा सकती है। इस दौरान लोगों को लू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है। बिजली की मांग में भी सोमवार से इजाफा होना शुरू हो सकता है, जिससे लोगों को एक बार फिर से पावर कटों का सामना करना पड़ेगा।